नॉर्थ कैरोलाइना डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स,
डिविज़न ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट सिक्योरिटी

अंतिम आदेश

अगरांकित के विषय में

उच्चतर प्राधिकरण निर्णय सं. 16(01)1196

Susan Doe
888 North 10th Street
Siler City, NC 27344

दावेदार

Restaurants, Incorporated
t/a Hamburgers 111 Picklewood Ave ‹
Fayetteville, NC 28303-5455رقم

नियोकता

डिविज़न ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट सिक्योरिटी के अधोहस्ताक्षरी सहायक सचिव को यह प्रतीत होता है कि उपर्युक्त शीर्षक वाला विषय सुनवाई के लिए आया था और चैथम काउंटी के प्रवर न्यायालय (सुपीरियर कोर्ट) के 23 जनवरी, 2017 के सिविल सत्र की अध्यक्षता कर रहे माननीय रिचर्ड एस. गॉटलीब, प्रवर न्यायालय न्यायाधीश के समक्ष उसीक सुनवाई हुई थी, तथा 26 जनवरी, 2017 को एक निर्णय दर्ज किया गया था जिसमें उच्चतर प्राधिकरण निर्णय सं. 16(01) 1 196 की अभिपुष्टि की गई थी। यह भी प्रतीत होता है कि निर्णय से व्यथित/असंतुष्ट किसी भी पक्ष ने कोई अपील दायर नहीं की है।

उच्चतर प्राधिकरण निर्णय सं. 16(01)1 196 **अभिपुष्ट** है और इस विषय में नॉर्थ कैरोलाइना डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स, डिविज़न ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट सिक्योरिटी का **अंतिम** निर्णय है।

यह मार्च, 2017 का ___वां दिन।

नॉर्थ कैरोलाइना डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स

xxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxxx
ज़न ऑफ़ एम्पलॉयमेंट सिकयोरिटी के लिए वाणिजय
सहायक सचिव

डाक प्रेषण तिथि : मार्च____________, 2017

नॉर्थ कैरोलाइना डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स,
डिविज़न ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट सिक्योरिटी

अंतिम आदेश उत्क्रमण

अग्रांकित के विषय में :

उच्चतर प्राधिकरण निर्णय सं. 16(01)2056

केनेथ ई. एबल

एडवर्ड आर. शार्प
नॉर्थ कैरोलिना की विधिक सहायता 122
नॉर्थ एल्म स्ट्रीट
सुइट 700
ग्रीन्सबोरो, एनसी 27401

दावेदार

हाईलैंड इंडस्ट्रीज़, इनकॉर्पोरेटेड

पीटर ए. हैना अधिवक्ता
पीटर ए. हैना का विधि कार्यालय, पीए पोस्ट ऑफ़िस
बॉक्स 1268
एपेक्स, एनसी 27502

नियोक्ता

डिविज़न ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट सिक्योरिटी के अधोहस्ताक्षरी सहायक सचिव को यह प्रतीत होता है कि उपर्युक्त शीर्षक वाला विषय गिलफ़र्ड काउंटी के प्रवर न्यायालय (सुपीरियर कोर्ट) के 7 नवंबर, 2016 के सिविल सत्र की अध्यक्षता कर रहे प्रवर न्यायालय न्यायाधीश माननीय एंडरसन क्रोमर के समक्ष आया था। यह भी प्रतीत होता है कि 15 नवंबर, 2016 को एक निर्णय दर्ज हुआ था जिसने उच्चतर प्राधिकरण निर्णय सं. 16(01)2056 को उत्क्रमित किया और दावेदार को बेरोज़गारी बीमा लाभ के लिए अनर्ह नहीं ठहराया। यह भी प्रतीत होता है कि निर्णय से व्यथित/असंतुष्ट किसी भी पक्ष ने कोई अपील दायर नहीं की है।

उच्चतर प्राधिकरण निर्णय सं. 16(01)2056 के अंतर्गत जारी डिविज़न का निर्णय **उत्क्रमित किया गया है।**

दावेदार **अनर्ह नहीं है** और उसे 13 मार्च, 2016 से आरंभ करते हुए बेरोज़गारी लाभ मिलेंगे।

यह दिसंबर, 2016 का--- वां दिन।

नॉर्थ कैरोलाइना डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स

डब्ल्यू.टी. ब्रिन, जू.
डिविज़न ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट सिक्योरिटी के लिए वाणिज्य
सहायक सचिव

डाकप्रेषण तिथि : दिसंबर -- , 2016

नॉर्थ कैरोलाइना डिपार्टमेंट
ऑफ़ कॉमर्स

अंतिम आदेश निष्प्रभावन एवं प्रतिप्रेषण

अग्रांकित के विषय में

उच्चतर प्राधिकरण निर्णय सं. 14(यूआई)4104

एरिक एस. कोपलैंड 312
एनसी हाईवे 43
वॉरनटन, एनसी 27589-8911

वॉरेन काउंटी

कैरलेन एस. टरेंटाइन टरेंटाइन लॉ फ़र्म,
एस्क्वायर वॉरेन काउंटी अधिवक्ता
920-बी पेवरस्टोन ड्राइव रैली, एनसी
27615-4723

दावेदार

नियोक्ता

अधोहस्ताक्षरी समीक्षा मंडल (बोर्ड ऑफ़ रीव्यू) ("बोर्ड") को यह प्रतीत होता है कि उपर्युक्त शीर्षक वाला विषय वेंस काउंटी के महान्यायालय (जनरल कोर्ट ऑफ़ जस्‌टिस) के प्रवर न्यायालय (सुपीरियर कोर्ट) के 13 अप्रैल, 2015 के सिविल सत्र की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ रेज़िडेंट प्रवर न्यायालय न्यायाधीश माननीय रॉबर्ट **एच.** हॉबगुड के समक्ष सुनवाई के लिए आया था, और मई **4,** 2015, को एक आदेश दर्ज़ किया गया था जिसने उच्चतर प्राधिकरण निर्णय । 4(यूआई)4104 को प्रतिप्रेषित किया था।

उच्चतर प्राधिकरण निर्णय सं. 14(यूआई)4104 **निष्प्रभावी** किया गया है।

वाद को न्यायालय के संलग्न आदेश के अनुपालन **में** *नए सिरे से* सुनवाई संचालित करने के लिए डिविज़न ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट सिक्योरिटी के अपील्स डिपार्टमेंट को एतद्द्वारा **प्रतिप्रेषित** किया जाता है।

अपील्स डिपार्टमेंट पूर्व में समनुदेशित सभी डॉकेट संख्याओं का उपयोग करते हुए इस विषय में नए निर्णय की पहचान करेगा तथा अपील्स डिपार्टमेंट को प्रतिप्रेषित अभिलेख प्राप्त होने के बाद तीस (30) दिनों के अंदर उक्त निर्णय डाक द्वारा भेज दिया जाएगा।

यह मई, 2015 का ---वां दिन।

समीक्षा मंडल (बोर्ड ऑफ़ रीव्यू)

जीनेट के. डोरन
समीक्षा मंडल (बोर्ड ऑफ़ रीव्यू) की ओर से अध्यक्ष

आदेश डाक प्रेषण तिथि : मई -- , 2015

एचए308